राजस्थान पत्रिका

परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थी सम्मानित

कोलकाता. अतिथि के साथ छात्र व अन्य।

कोलकाता. द न्यूटाउन स्कूल में सीबीएसई बोर्ड परीक्षा 2026 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले कक्षा 10 एवं 12 के विद्यार्थियों के सम्मान में भव्य सम्मान समारोह का आयोजन स्कूल ऑडिटोरियम में किया गया। समारोह में विद्यार्थियों, अभिभावकों, शिक्षकों तथा विशिष्ट अतिथियों ने भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती वंदना एवं प्रार्थना के साथ हुई। प्राचार्य ने विद्यार्थियों की उपलब्धियों की सराहना करते हुए उन्हें जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में उत्कृष्टता हासिल करने के लिए निरंतर प्रयासरत रहने का संदेश दिया। समारोह का प्रमुख आकर्षण मुख्य अतिथि अमनीर ग्रोवर के साथ विद्यार्थियों का संवाद सत्र रहा। इस दौरान उन्होंने उद्यमिता, नेतृत्व, चुनौतियों का सामना करने की क्षमता और सफलता के विभिन्न आयामों पर अपने विचार साझा किए। उनके प्रेरणादायी संबोधन ने विद्यार्थियों को बड़े सपने देखने, आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने और अवसरों को उपलब्धियों में बदलने के लिए प्रेरित किया। समारोह में कक्षा 10 एवं 12 के मेधावी विद्यार्थियों तथा स्कूल टॉपर्स को सम्मानित किया गया। विद्यालय प्रबंधन ने विद्यार्थियों की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह उपलब्धि उनके परिश्रम, शिक्षकों के मार्गदर्शन और अभिभावकों के सहयोग का परिणाम है।